कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.12.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अवधेश मौर्या को थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा (नासिक) महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी व हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-212/2021 धारा 363,366,368 भा0द0वि0 व 16/17 पॉक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित नामजद अभियुक्त अवधेश मौर्या पुत्र सुर्यनाथ मौर्या निवासी ग्राम हड़ियाडीह थाना चौबेपुर वाराणसी को ग्राम पीपलगांव बसवन थाना पीपलगांव जनपद नासिक महाराष्ट्र से दिनांक-07.12.2024 को गिरफ्तार कर नियमानुसार वाराणसी लाया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के संबंध मे थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 13.05.2021 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक 10.05.2021 को उनकी नाबालिग पुत्री जो घर से दवा लेने के लिये गयी थी को विपक्षी अवधेष मौर्या द्वारा वादी मुकदमा की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसाकर गाड़ी में बैठाकर कहीं लेकर चले जाने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अवधेश मौर्या पुत्र सुर्यनाथ मौर्या निवासी ग्राम हड़ियाडीह थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम पीपलगांव बसवन थाना पीपलगांव जनपद नासिक महाराष्ट्र से, दिनांक-07.12.2024 को समय करीब 15.30 बजे।

बरामदगी का विवरण- अपहृता/पीड़िता उम्र करीब 17 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-212/2021 धारा 363,366,368 भा0द0वि0 व 16/17 पॉक्सो एक्ट थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. ए0सी0पी0 विजय प्रताप सिंह थाना प्रभारी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 कमल सिंह यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. म0का0 प्रियंका थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।